नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




6 पीएम मोदी कैसे गढ़ रहे हैं नया शहरी भारत



5 यूनाइट द किंगडम रैली में बवाल



8 मीनाक्षी ने जीता विश्व मुक्केबाजी स्पर्धा का स्वर्ण



9 महंगाई के आंकड़े तय करेंगे बाजार की चाल

# असम ट्रेड और टूरिज्म का सेंटर

**18500** करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स का किया उद्घाटन | **12** हजार करोड़ की असम को पीएम ने दी सौगात | **05** हजार करोड़ के बांस आधारित एथेनॉल प्लांट का उद्घाटन

**गुवाहाटी 14 सितंबर, असम ट्रेड और टूरिज्म का बड़ा सेंटर बनेगा. हम मिलकर नया असम बनाएंगे. हमारी योजनाओं का लाभ यहां चाय बागानों में काम करने वाले भाई और बहनों को भी हो रहा है. उनका हित हमारी प्राथमिकता है. सरकार टी गार्डन में काम करने वाली महिलाओं को मदद दे रही है. उनके स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा पर हमारा बहुत जोर है. यहां माता और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए भी योजनाएं चला रही है.**

यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम दौरे के दूसरे दिन कही. उन्होंने दरांग और गोलाघाट के नुमालीगढ़ में 18,500 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया. पीएम ने दोनों जगहों पर जनसभाएं भी कीं. कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप



सिंह पुरी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के समय श्रमिकों को टी कंपनी के भरोसे छोड़ दिया गया था, लेकिन हम उनके घर, बिजली, पानी और स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं. असम के विकास का दौर शुरू हो चुका है. जब हमने भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया था, तो कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा था कि मोदी, नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहा है. मुझे कितनी ही गालियां दे, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निकाल लेता हूं. लेकिन जब किसी और का अपमान होता है, तो मुझसे रहा नहीं जाता. कांग्रेस के कार्यकाल में गरीबों को ठुकराया गया. आदिवासियों के साथ अन्याय हुआ. हमारा मंत्र नागरिक देवो भवः है. हमारे लिए जनता भगवान है. देश के नागरिकों को असुविधा न हो, भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. प्रधानमंत्री ने

> पीएम मोदी ने कहा कि असम को 12 हजार करोड़ की सौगात दी गई है. ये उद्यम असम के विकास को गति देंगे. मैं सभी को प्रोजेक्ट्स के लिए बधाई देता हूं. भारत दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होने वाला देश है. जैसे-जैसे भारत विकसित हो रहा है, वैसे-वैसे बिजली, ईंधन की जरूरतें बढ़ रही हैं. हम इन चीजों के लिए विदेशों पर निर्भर रहे हैं. हमारे पैसों से विदेशों में रोजगार बनते हैं. इसको बदला जाना जरूरी है. भारत आत्मनिर्भर बनने की राह पर बढ़ चला है.

कहा जैसे वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम बना, उज्जैन में महाकाल लोक बना है. वैसे ही हम मां कामाख्या कॉरिडोर बनाने में जुटे हैं. असम की संस्कृति से जुड़े अनेक ऐसी जगह है, जिसे हम संरक्षित कर रहे हैं. इससे विरासत के साथ टूरिज्म बढ़ रहा है, जितना अधिक टूरिज्म बढ़ेगा, उतना रोजगार मिलेगा.हजार करोड़ के बांस आधारित एथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया.

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हिंदी हुई सशक्त

## अभा राजभाषा सम्मेलन का शाह ने किया उद्घाटन

**गांधीनगर, 14 सितंबर. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रविवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में हिंदी दिवस-2025 के अवसर पर पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। शाह ने समारोह के शुभारंभ अवसर पर हिंदी भाषा प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि हिंदी अन्य भारतीय भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि मित्र है।**

पहले अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होता था। इसमें कुछ बदलाव किए गए और पिछले पांच वर्षों से यह कार्यक्रम देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप हमें राजभाषा और देश की सभी भाषाओं के बीच संवाद बढ़ाने का बहुत ही अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गुजरात में प्रारंभ से ही दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, कन्हैयालाल मुंशी और उमाशंकर



**539 शहरों और लंदन, सिंगापुर जैसे देशों में भाषा समिति**

प्रधानमंत्री ने विभिन्न तकनीकों के माध्यम से स्थानीय भाषाओं को मजबूत बनाने का सुंदर काम किया है, जिसके हिस्से के रूप में गृह मंत्रालय में भारतीय भाषा अनुभाग का गठन किया गया है, जो केवल आधिकारिक भाषाओं ही नहीं, बल्कि देश की सभी भारतीय भाषाओं को सुदृढ़ करने का काम करता है। देश के लगभग 539 शहरों तथा लंदन, सिंगापुर और दुबई जैसे देशों में भी आधिकारिक भाषा समिति का गठन किया गया है।

जोशी सहित अन्य कई विद्वानों ने हिंदी भाषा को स्वीकार किया और इसका प्रचार भी किया। इन दूरदर्शी नेताओं ने भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे के साथ संवाद करने और प्रत्येक राज्य में हिंदी को प्रोत्साहन देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में गुजराती और हिंदी का सह-अस्तित्व रहा है, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर गुजराती बच्चों की पहुंच बहुत अधिक बढ़ गई है।

### एक नजर में



#### नेपाल में प्रधानमंत्री कार्की ने संभाला कार्यभार

**काठमांडू.** नेपाल की नव नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया. राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त किया था. जानकारी के अनुसार कार्की ने कार्यभार संभालने से पहले लांचोर पुघेर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की. उन्होंने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद जेन-जेड आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

#### असम के उदलगुरी में 5.8 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली.** असम में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं. रविवार दोपहर बाद आए भूकंप के झटकों ने लोगों को भयभीत कर दिया. लोग घर, दुकान छोड़ सड़कों और अन्य खाली जगहों की ओर भागे. मिली जानकारी के अनुसार भूकंप की तीव्रता 5.8 थी. बता दें कि असम के उदलगुरी जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए. आस-पास के जिलों में भी धरती हिली. जिससे लोगों में भय का माहौल दिखा.

# आश्रयगृह में गरिमापूर्ण हो जीवन

**सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को दिया निर्देश**

**नई दिल्ली 14 सितंबर. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भिखारियों के लिए राज्य संचालित आश्रयगृह (बेगर्स होम) कोई इच्छा से दिया दान नहीं नहीं है, बल्कि यह एक सांविधानिक जिम्मेदारी है. शीर्ष कोर्ट ने निर्देश दिया कि इन आश्रयगृहों में गरिमापूर्ण जीवन की स्थितियां लगातार सुनिश्चित की जानी चाहिए.**

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने नियंत्रण में भिक्षावृत्ति करने वाले के लिए बने आश्रयगृहों और इसी तरह के



संस्थानों में सुधारों को लागू करें, जिससे समाज के इस सबसे कमजोर वर्ग के लिए गरिमा के साथ जीवन जीने का सांविधानिक अधिकार सही मायने में सुनिश्चित हो सके. शीर्ष कोर्ट ने यह निर्देश तब दिया, जब दिल्ली के सीलमपुर में भिखारियों के आश्रयस्थल में पीने और भोजन बनाने के पानी में कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की वजह से हैजा और गैस्ट्रोएंटेराइटिस का प्रकोप फैला. कोर्ट ने कहा कि सभी

> बेंच ने कहा कि ऐसे आश्रयगृहों में मानवीय परिस्थितियां बनाए रखने में विफलता केवल प्रशासन की लापरवाही नहीं है, बल्कि यह जीवन के साथ गरिमा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है. शीर्ष कोर्ट ने कहा कि गरीब और बेसहारा लोगों के प्रति राज्य की जिम्मेदारी सकारात्मक होनी चाहिए. भिखारियों का आश्रयगृह राज्य संचालित एक सांविधानिक ट्रस्ट है, न कि किसी की इच्छा पर आधारित दया.

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हर दो साल में भिखारियों के आश्रयगृहों का स्वतंत्र और तीसरे पक्ष से निष्पक्ष ऑडिट कराना होगा.

## लखनऊ एयरपोर्ट पर टला इंडिगो विमान हादसा

**लखनऊ 14 सितंबर.** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टल गया. यहां दिल्ली के लिए उड़ान भरने जा रहे इंडिगो की फ्लाइट में तकनीकी दिक्कत की वजह से टेकऑफ से पहले ही इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी. विमान में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव सहित 151 यात्री सवार थे. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब फ्लाइट संख्या 6 ई-2111 में तकनीकी खराबी आ गई. बताया जा रहा है कि लखनऊ-दिल्ली रूट पर उड़ान भरने जा रही इंडिगो की फ्लाइट टेक ऑफ से ठीक पहले ही रुक गई. रनवे पर तेज रफ्तार से दौड़ने के बाद भी फ्लाइट हवा में उठ नहीं पाया था.

# हैदराबाद के स्कूल में ड्रग फैक्ट्री का खुलासा

## ग्राउंड-फर्स्ट फ्लोर पर क्लास, सेकेंड फ्लोर पर चलता था रैकेट

**हैदराबाद 14 सितंबर. तेलंगाना के हैदराबाद में पुलिस ने एक प्राइवेट स्कूल के अंदर ड्रग्स फैक्ट्री का खुलासा किया. मेधा स्कूल नाम के स्कूल के डायरेक्टर मालेला जया प्रकाश गौड़ सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.**

आरोपियों ने स्कूल के क्लास रूम और रस्ट्रिकटेड एरिया को अल्प्राजोलम का प्रोडक्शन फैक्ट्री बना दिया था. अल्प्राजोलम का इस्तेमाल ताड़ी बनाने में किया जाता है. यह एक नशीला पदार्थ है, जो तेलंगाना में बैन है. पुलिस ने बताया कि बिल्डिंग के सेकेंड फ्लोर पर लगभग छह महीने से फैक्ट्री चल रही थी. ग्राउंड और



फर्स्ट फ्लोर पर क्लास चलती थी. फैक्ट्री में छह दिन ड्रग्स बनती थी. रविवार को इसे बाहर पहुंचाया जाता था.

ड्रग्स फैक्ट्री के खिलाफ यह कार्रवाई तेलंगाना पुलिस की एलीट एक्शन ग्रुप फॉर ड्रग लॉ एनफोर्समेंट ने की. टीम ने अल्प्राजोलम, 21 लाख कैश, बड़ी मात्रा में केमिकल और मैन्युफैक्चरिंग का सामान बरामद किया है। पुलिस को एक केमेस्ट्री लैब भी मिली, जिसमें बड़े पैमाने पर ड्रग्स प्रोडक्शन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आठ रिएक्टर और ड्रायर लगे थे.

# हादसे में सात लोगों की मौत

**हरिद्वार से अस्थियां बहाकर लौट रहा था परिवार**

**जयपुर 14 सितंबर. शिवदासपुरा इलाके में रिंग रोड पर बड़ा सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर अंडर बाईपास के अंदर गिर गई. हादसे में 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. मृतकों में दो बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं. हादसे की खबर से इलाके में मातम पसरा हुआ है. परिवार मूल रूप से अजमेर जिले के केकड़ी और जयपुर के वाटिका क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है.**

एक ही परिवार के सात लोगों की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है. जानकारी के मुताबिक, कालूराम अपने परिवार के साथ हरिद्वार से लौट रहा था. वे अपने पिता की अस्थियां गंगा में विसर्जित कर वापस आ रहे थे. इसी दौरान शिवदासपुरा के पास उनकी गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर बाईपास में जा गिरी.

पुलिस के अनुसार टैक्सी चालक रामराज, कालूराम और उनके परिवार के सदस्य एक रिश्तेदार की अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार गए थे और जयपुर लौट रहे थे. तभी शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में प्रह्लादपुरा के पास दुर्घटना हो गई. एक तेज रफ्तार कार संभवतः डिवाइडर से टकराकर रिंग रोड से लगभग 16 फुट नीचे जा गिरी. कार एक अंडरपास में गिरी, जिसमें पानी भरा हुआ था. स्थानीय लोगों ने रविवार दोपहर दुर्घटनाग्रस्त कार को पानी से भरे अंडरपास में उलटी पड़ी देखा.

## पाकिस्तान में सेना के काफिले पर हमला, 12 सैनिकों की मौत

**खैबर पख्तूनख्वा 14 सितंबर.** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमल में पाकिस्तानी सेना के 12 जवान मारे गए जबकि चार घायल हो गए. पाक सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने इसकी जानकारी दी. बताया कि केपी के दक्षिणी वजीरिस्तान और ख्वारिज में भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें टीटीपी के कुल 35 आतंकी और पाक सेना के 12 जवान मारे गए. वहीं तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने सोशल मीडिया के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली. यह हमला खैबर पख्तूनख्वा में हाल के महीनों में हुए सबसे बड़े हमलों में से एक है.

# पुंछ में 3 आतंकी समर्थक गिरफ्तार

## 7 एके राइफल और भारी मात्रा में युद्ध का सामान बरामद

**श्रीनगर. जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ में 3 आतंकवादी समर्थकों को गिरफ्तार किया हैं. आतंकी समर्थकों के पास से पुलिस ने 7 एके राइफलें बरामद की हैं. इनमें से 4 पहले ही बरामद की गई थीं. इसके साथ ही बड़ी मात्रा में युद्ध की सामग्री बरामद की गई है.**

जम्मू जोन के आईजीपी ने पुलिस की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी. पिछले कुछ महीनों में जम्मू पुलिस लगातार आतंकियों के सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और आतंकियों की मदद करने वाले कई लोग पकड़े गए हैं.

शनिवार को पुलिस ने एक



कथित अपराधी को कड़े जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया. एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अरनिया के कल्याणा गांव निवासी अर्जुन कुमार एक दुर्दांत अपराधी है, जिसका हिंसक और जघन्य अपराधों में संलिप्तता का इतिहास रहा है.

> **गिरफ्तारी के बाद मामला दर्ज**
>
> प्रवक्ता ने कहा, नियमित कानूनी उपाय उसके गैरकानूनी आचरण को रोकने में विफल रहे, इसलिए सार्वजनिक व्यवस्था की रक्षा और आगे आपराधिक कृत्यों को रोकने के लिए पीएसए के तहत उसकी निवारक हिरासत आवश्यक समझी गई. उन्होंने कहा कि आपराधिक गतिविधियों में उसकी बार-बार संलिप्तता के बाद, ऐसी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के लिए आरोपी के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं.

## एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

**दुबई.** दुबई में खेले गए एशिया कप 2025 के एकतरफा मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया. पाकिस्तान द्वारा दिए गए 127 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारत ने 15.5 ओवर में ही जीत हासिल कर ली. पहले बल्लेबाजी करते हुए, पाकिस्तानी टीम भारतीय स्पिनरों के सामने पूरी तरह बेबस दिखी. कुलदीप यादव (3 विकेट) और अक्षर पटेल (2 विकेट) ने उनके मध्यक्रम को ध्वस्त कर दिया. जवाब में, भारत ने धमाकेदार शुरुआत की. अभिषेक शर्मा ने 13 गेंदों पर 31 रन की तेज पारी खेली, जिसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 47 रन बनाकर टीम को आसानी से जीत दिलाई.

**पुस्तक का विमोचन** ▶ इंदौर के ब्रिलियंट कनवेंशन सेंटर में हुआ आयोजन, सीएम डॉ. मोहन यादव और स्वामी ईश्वरानंद रहे मौजूद

# सर्वत्र श्रद्धा का विषय है नर्मदा की परिक्रमा : भागवत

नवभारत न्यूज

**इंदौर 14 सितंबर. परिक्रमा सर्वत्र श्रद्धा का विषय है. हमारा देश श्रद्धा का देश है. जीवन श्रद्धा और विश्वास के आधार पर चलता है और दुनिया भी. पहले जड़वादी नहीं मानते थे, लेकिन अब वे भी मानते हैं. हमारे यहां जो श्रद्धा है वो ठोस श्रद्धा है. किसी से कही सुनी नहीं है. प्रत्यक्ष प्रतीती के आधार पर है. उसके लिए प्रत्यक्ष प्रमाण है.**

प्रमाण को साझा करने वाले लोग है. वो प्रमाण आपको लेना है



तो ले सकता है. प्रयास आपको करना होगा. यह बात संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कही. इंदौर के ब्रिलियंट कनवेंशन सेंटर में उन्होंने मंत्री प्रहलाद पटेल की लिखी पुस्तक परिक्रमा कृपा सार का विमोचन किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व स्वामी ईश्वरानंद, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व अन्य नेता भी उपस्थित थे. स्वामी ईश्वरानंद ने कहा कि नर्मदा बोलने का विषय नहीं है. एहसास करना का विषय है. नर्मदा मैया का एहसास करना हो तो नर्मदा परिक्रमा कर आओ. परिक्रमा करने की परंपरा आज से नहीं है.

(शेष पेज 12 पर)

> **हमने विश्व का किया नेतृत्व**
>
> उन्होंने आगे कहा कि भारत तीन हजार वर्षो तक सिरमौर देश रहा. तकनीकी प्रगति ऊंची थी. मनुष्य का जीवन सुखी व सुसंस्कारिता था. कोई कलह नहीं थी. हमने विश्व का नेतृत्व किया. किसी देश को जीता नहीं. किसी को बदला नहीं. व्यापार के लिए दबाया नहीं, जहां गए वहां सभ्यता दी.

# लव जिहाद और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की नसीहत

## संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने ली सीएम और मंत्रियों की बैठक

**इंदौर 14 सितंबर. पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम के बाद संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने सीएम डॉ. मोहन यादव और मंत्रियों के साथ बैठक की. सूत्रों के अनुसार संघ प्रमुख ने बैठक में हिंदुत्व को बढ़ावा देने व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए.**

इसी के साथ लव जिहाद, बलात्कार और अन्य अपराधिक घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए. बैठक में संगठन और पार्टी को और मजबूत करने के बारे में भी गंभीर मंथन हुआ. सूत्रों के अनुसार बैठक में संगठन में लोगों की सक्रियता बढ़ाने पर भी जोर दिया. यहां युवाओं को संगठन में जाड़ने को लेकर चर्चा की. कई मंत्रियों को सख्त लहजे में हिदायत दी गई कि किसी की मनमानी पार्टी में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सभी को मर्यादा में रहकर जनता की सेवा करनी होगी.

बता दें कि पिछले दिनों कई मंत्रियों ने अपने क्षेत्र में विकास नहीं होने या अन्य किसी बात को लेकर पार्टी के कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से सख्त लहजे में अपनी बात पेश की थी.

मप्र में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बैठक में चर्चा हुई. मंत्रियों के परफॉर्मेंस के बारे में जानकारी ली गई. जल्द ही कई पूर्व मंत्रियों की वापसी हो सकती है. वहीं कमजोर प्रदर्शन वाले मंत्रियों पर गाज गिर सकती है. राजनीतिक नियुक्तियों का पिटारा खुलने की भी अटकलें लगाई जा रही है. इसी के साथ संगठन और सरकार के बीच संतुलन की कोशिश हो रही है.